# सराहनीय कार्य दिनाँक 03-06-2025 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस टीम व सर्विलांस टीम द्वारा लूट के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त मनोज को पुलिस मुठभेड़ के दौरान व 03 अभियुक्तगण को चैकिंग के दौरान किया गया गिरफ्तार।
- अभियुक्तगण के कब्जे से एक ईको कार, 1200 रुपये नकदी व चोरी का मोबाइल बरामद
- अभियुक्त मनोज के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस बरामद।
- घायल अभियुक्त मनोज को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया...

थाना टूण्डला पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 29-05-2025 को वादी को 05 कार सवार व्यक्तियों द्वारा सवारी के रुप में बिठाकर, वादी से उनका बैग व 1200 रुपये नकदी लूट लिये थे। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 228/2025 धारा 310(2),317(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 03-06-2025 को थाना टूण्डला पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि थाना टूण्डला पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 228/2025 में वांछित अभियुक्तगण किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में ग्राम बाघई के पास घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम बाघई रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर अभियुक्तगण 1.मनोज पुत्र अमर सिंह, 2.मुकेश राजपूत उर्फ भूरा पुत्र राजवीर, 3. राहुल झा पुत्र भुवनेश्वर एवं 4. प्रशान्त पुत्र स्व0 गजेन्द्र को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित लूट का माल टोल प्लाजा से बाघई रोड पर छिपाए जाने की जानकारी दी गई।

टूण्डला पुलिस टीम द्वारा माल की बरामदगी हेतु अभियुक्त मनोज को लेकर मौके पर पहुँची, तो अभियुक्त मनोज उपरोक्त द्वारा लूटे गये बैग में छिपाए हुए तमंचे से अचानक पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गयी जवाबी फायरिंग में मनोज के पैर में गोली लगने से वह घालय हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. मनोज पुत्र अमर सिंह प्रजापति निवासी ग्राम लतीफ पुर कोटला थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. मुकेश राजपूत उर्फ भूरा पुत्र राजवीर सिहं निवासी नगरा मुरली थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. राहुल झा पुत्र भुवनेश्वर निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. प्रशान्त पुत्र स्व0 गजेन्द्र सिंह निवासी रैपुरा थाना टूण्डला फिरोजाबाद।

## बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
2. 01 ईको कार व 01 मोबाइल फोन ।
3. 1200 रुपये नकदी।

## गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0निरी0 अन्जीश कुमार सिहं थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 अमित तोमर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 जयचन्द्र बाबू शर्मा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री सावन कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 नदीम अली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 20 राजेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 101 उदयप्रताप थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 346 दिलीप कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
9. है0का0 672 सुशील कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
10. है0का0 681 हरवेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 683 अमित कुमार गौड थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

12.11.का0 574 रोहित कुण्डू थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

13.12.का0 62 आशीष ठैनुआ थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।